अव्यवस्था | सोमवार को बिना सूचना गायब ग्रुप-डी कर्मचारी, परिसर में गंदगी का अंबार

कनाड़ी खुर्द का उपस्वास्थ्य केंद्र खुद बीमार

नवभारत,शहडोल। जिले के ग्रामीण अंचलों में लोगों को उनके गांव और आसपास ही प्राथमिक स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से खोले गए उपस्वास्थ्य केंद्र यदि खुद ही बदहाली का शिकार हो जाएं तो ग्रामीणों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं मिलने की उम्मीद कैसे की जा सकती है। ऐसा ही एक मामला कनाड़ी खुर्द के उपस्वास्थ्य केंद्र में सामने आया, जहां सप्ताह के प्रथम कामकाजी दिवस सोमवार को व्यवस्थाएं सवालों के घेरे में नजर आईं। स्वास्थ्य केंद्र परिसर में गंदगी का अंबार और अव्यवस्थित वातावरण देखकर ऐसा प्रतीत होता है, जैसे लंबे समय से यहां नियमित साफ-सफाई तक नहीं हुई हो।

ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य व्यवस्था की पहली कड़ी माने जाने वाले उपस्वास्थ्य केंद्रों की जिम्मेदारी बेहद महत्वपूर्ण होती है। ग्रामीण और दूरस्थ क्षेत्रों में रहने वाली आबादी के लिए यही केंद्र प्राथमिक उपचार, मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य सेवाएं, टीकाकरण, स्वास्थ्य जागरूकता और सामान्य बीमारियों के उपचार जैसी सुविधाओं का प्रमुख माध्यम होते हैं। लेकिन जब इन केंद्रों पर बुनियादी व्यवस्थाएं ही चरमराने लगें तो इसका सीधा असर ग्रामीणों के स्वास्थ्य पर पड़ना स्वाभाविक है।

बिना सूचना अनुपस्थित ग्रुप-डी कर्मचारी

कनाड़ी खुर्द उपस्वास्थ्य केंद्र में सोमवार को निरीक्षण के दौरान ग्रुप-डी कर्मचारी के अनुपस्थित पाए जाने की बात सामने आई। खास बात यह रही कि उसकी अनुपस्थिति के संबंध में उपस्थित एएनएम को भी कथित तौर पर कोई पूर्व सूचना नहीं दी गई थी। एएनएम का कहना था कि ग्रुप-डी कर्मचारी द्वारा सोमवार को अनुपस्थित रहने की कोई जानकारी उन्हें नहीं दी गई। ऐसे में सवाल उठता है कि स्वास्थ्य केंद्र जैसे संवेदनशील संस्थान में कर्मचारियों की उपस्थिति और अनुपस्थिति की निगरानी की व्यवस्था आखिर कितनी प्रभावी है।यदि किसी कर्मचारी को किसी कारणवश अवकाश लेना है अथवा वह ड्यूटी पर उपस्थित नहीं हो सकता, तो नियमानुसार संबंधित अधिकारी या प्रभारी को इसकी जानकारी होना आवश्यक है। लेकिन यदि कर्मचारी बिना सूचना अनुपस्थित रहता है और स्थानीय स्तर पर इसकी जानकारी तक नहीं होती, तो यह विभागीय अनुशासन और निगरानी व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े करता है।

परिसर में गंदगी, व्यवस्थाओं पर सवाल

उपस्वास्थ्य केंद्र परिसर में फैली गंदगी भी स्वास्थ्य विभाग की व्यवस्थाओं पर सवाल खड़े करती नजर आई। जिस स्थान पर ग्रामीणों को स्वच्छ और स्वस्थ वातावरण में स्वास्थ्य सेवाएं मिलनी चाहिए, वहां यदि गंदगी और अव्यवस्था दिखाई दे तो यह चिंता का विषय है। स्वास्थ्य केंद्रों में स्वच्छता केवल सौंदर्य का विषय नहीं, बल्कि संक्रमण की रोकथाम और मरीजों की सुरक्षा से सीधे जुड़ा महत्वपूर्ण पहलू है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि स्वास्थ्य केंद्र परिसर की नियमित साफ-सफाई नहीं होगी तो यहां आने वाले मरीजों और उनके परिजनों को भी परेशानी का सामना करना पड़ेगा।

ग्रामीण स्वास्थ्य व्यवस्था को मजबूत करने की जरूरत

यह स्थिति केवल कनाड़ी खुर्द तक सीमित है या जिले के अन्य ग्रामीण उपस्वास्थ्य केंद्र भी इसी तरह की समस्याओं से जूझ रहे हैं, यह भी जांच का विषय है। ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत करने के लिए सरकार द्वारा लगातार योजनाएं संचालित की जा रही हैं और स्वास्थ्य अधोसंरचना पर खर्च किया जा रहा है। ऐसे में यदि जमीनी स्तर पर केंद्रों की नियमित निगरानी नहीं होगी तो योजनाओं का वास्तविक लाभ ग्रामीणों तक पहुंचाना चुनौतीपूर्ण बना रहेगा। केंद्रों में कर्मचारियों की नियमित उपस्थिति, साफ-सफाई, आवश्यक दवाओं की उपलब्धता, पेयजल, बिजली और अन्य मूलभूत सुविधाओं की नियमित निगरानी भी जरूरी है। उपस्वास्थ्य केंद्रों की जिम्मेदारी संभालने वाले अधिकारियों को समय-समय पर औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लेना चाहिए, ताकि कर्मचारियों की उपस्थिति और स्वास्थ्य सेवाओं की वास्तविक स्थिति सामने आ सके।

रेत चोरों में मचा हड़कंप, पुलिस ने पीछा कर दबोचे दो ट्रैक्टर

चालकों की भागने की चाल हुई नाकाम

नवभारत,ब्यौहारी। अवैध रेत खनन और परिवहन के खिलाफ ब्यौहारी पुलिस ने देर रात बड़ी कार्रवाई करते हुए रेत से लदे दो ट्रैक्टर जब्त कर रेत चोरों में हड़कंप मचा दिया। पुलिस को देखते ही खनन में लगे मजदूर अंधेरे का फायदा उठाकर मौके से फरार हो गए, जबकि दोनों ट्रैक्टर चालक पुलिस को चकमा देकर वाहन लेकर भाग निकले। लेकिन पुलिस टीम ने भी हार नहीं मानी और पीछा कर दोनों ट्रैक्टरों को पकड़ लिया। पुलिस अधीक्षक डॉ. संजय कुमार अग्रवाल के निर्देश पर अवैध खनन के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत बीती रात ब्यौहारी थाना पुलिस को नदी से अवैध रेत निकाले जाने की सूचना मिली। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची, जहां दो ट्रैक्टरों में अवैध रूप से रेत भरी जा रही थी। पुलिस की दबिश पड़ते ही खनन में लगे मजदूर मौके से भाग खड़े हुए, जबकि ट्रैक्टर चालक तेज रफ्तार में वाहन लेकर फरार होने लगे। पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए दोनों ट्रैक्टरों को पकड़ लिया और उन्हें थाना मे लाकर खड़ा करा दिया इसी बीच चालकों ने एक बार फिर ट्रैक्टर लेकर भागने की कोशिश की, लेकिन पुलिस टीम ने पीछा कर दोनों वाहनों को दोबारा अपने कब्जे में ले लिया। पुलिस की इस मुस्तैदी से आरोपियों की चाल पूरी तरह नाकाम हो गई। दोनों ट्रैक्टरों को जब्त कर उनके विरुद्ध खनिज अधिनियम एवं रेत चोरी के प्रकरण में अपराध पंजीबद्ध किया गया है। देखने वाली बात यह कि पुलिस अब फरार मजदूरों एवं अवैध खनन से जुड़े अन्य लोगों की भी तलाश करगी या नहीं? इस पूरी कार्रवाई में उपनिरीक्षक कपिल तिवारी, आरक्षक अभिषेक तिवारी और आरक्षक विवेक की सराहनीय भूमिका रही। ब्यौहारी पुलिस ने स्पष्ट किया है कि जिले में अवैध रेत खनन और परिवहन के खिलाफ अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा तथा प्राकृतिक संसाधनों की लूट करने वालों को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा।

एक नजर में

बिजली सब-स्टेशन में चोरी कर्मचारियों को उस्तरा दिखाया, दांत से काटा

नवभारत, जबलपुर। मदनमहल थाना अंतर्गत राइट टाउन स्टेडियम रोड पर एक शातिर चोर ने शासकीय बिजली सब-स्टेशन से करीब 20 हजार रुपये का माल पार कर दिया। चोरी करते समय रंगे हाथ दबोचे जाने पर आरोपी ने बिजली कंपनी के कर्मचारियों को दांत से काटा और उस्तरा दिखाकर भाग निकला। जानकारी अनुसार म.प्र. पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के जूनियर इंजीनियर गुलाब सिंह राजपूत ने मदनमहल थाने में शिकायत दर्ज कराई कि आउटसोर्स कर्मचारी अक्षय रजक और विजय झारिया सुबह करीब 6 बजे स्ट्रीट लाइट बंद करने निकले थे। एमएलबी स्कूल के पास 630 केवीए सब-स्टेशन का दरवाजा खोलकर एक अज्ञात चोर कॉपर वायर काट रहा था। कर्मचारियों ने उसे पकड़ा तो उसने अक्षय के हाथ पर दांत से काट दिया। दोबारा पकड़े जाने पर आरोपी ने जेब से उस्तरा निकालकर जान से मारने का प्रयास किया और भाग गया। जांच में सब-स्टेशन से 1 किलो कॉपर वायर और 2 बैटरियां कुल कीमत 20,000 रुपये गायब मिलीं। पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है।

वनरक्षक से पदोन्नत होकर वनपाल बनीं रोशनी साहू

पिपिंग समारोह में पदोन्नति का सम्मान

नवभारत,गोहपारू । बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व में रविवार को आयोजित गरिमामय पिपिंग समारोह में वन विभाग की अधिकारी रोशनी साहु को वनरक्षक से पदोन्नत कर वनपाल बनाया गया। इस अवसर पर क्षेत्र संचालक एवं उप संचालक ने उनके कंधों पर वनपाल पद के स्टार लगाकर सम्मानित किया तथा पुष्पगुच्छ भेंट कर नई जिम्मेदारी के लिए शुभकामनाएं दीं। रोशनी साहु, शहडोल जिले के खाम्हीडोल निवासी रामनिवास साहू की धर्मपत्नी हैं। उनकी इस महत्वपूर्ण उपलब्धि से परिवार सहित पूरे क्षेत्र में हर्ष का माहौल है। शुभचिंतकों एवं परिचितों ने उन्हें नई जिम्मेदारी के लिए बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं।

रोशनी साहु ने 18 अगस्त 2008 को वन विभाग में वनरक्षक के पद पर अपनी सेवाएं प्रारंभ की थीं। लगभग 18 वर्षों की निष्ठापूर्ण एवं उत्कृष्ट सेवा के उपरांत उन्हें वनपाल पद पर पदोन्नति प्रदान की गई। यह उपलब्धि उनके समर्पण, अनुशासन और कर्तव्यनिष्ठा का परिणाम है।अपने 18 वर्षों के सेवाकाल में रोशनी साहु ने वन एवं वन्यजीव संरक्षण के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य किए। उनकी उत्कृष्ट कार्यशैली, ईमानदारी और जिम्मेदारी को देखते हुए वन विभाग द्वारा उन्हें कई बार सम्मानित भी किया गया। उनका पूरा सेवाकाल उपलब्धियों से भरा रहा और विभाग में उनकी कार्यशैली की सराहना की जाती रही। उनकी पदोन्नति विभाग के अन्य कर्मचारियों के लिए भी प्रेरणास्रोत मानी जा रही है।

अभियान 2 .0 के तहत ब्योहारी में नशे के खिलाफ पुलिस का बिगुल

व्यापारियों और जनता को किया जागरूक

नवभारत,ब्योहारी। पुलिस मुख्यालय भोपाल के निर्देशन में संचालित प्रदेशव्यापी 'नशे से दूरी है जरूरी 2.0' अभियान के तहत थाना ब्योहारी पुलिस ने नशे के खिलाफ निर्णायक जंग छेड़ दी है। अभियान के अंतर्गत नगर के व्यापारी वर्ग, प्रतिष्ठान संचालकों और आम नागरिकों के बीच पहुंचकर नशे के दुष्परिणामों से अवगत कराया गया तथा समाज को नशामुक्त बनाने का संकल्प दिलाया गया। पुलिस अधिकारियों ने लोगों को बताया कि नशा केवल व्यक्ति का ही नहीं, बल्कि पूरे परिवार और समाज का भविष्य बर्बाद कर देता है। युवाओं को नशे की लत से बचाने के लिए व्यापारियों से सहयोग की अपील करते हुए कहा गया कि यदि किसी भी प्रकार की अवैध मादक पदार्थों की बिक्री, तस्करी या संदिग्ध गतिविधि की जानकारी मिले तो तत्काल पुलिस को सूचित करें। पुलिस ने भरोसा दिलाया कि सूचना देने वाले की पहचान पूरी तरह गोपनीय रखी जाएगी। अभियान के दौरान नागरिकों को नशे के दुष्प्रभाव, कानूनी प्रावधानों और नशा तस्करों के खिलाफ चल रही सख्त कार्रवाई की जानकारी भी दी गई। थाना ब्योहारी पुलिस ने स्पष्ट किया कि नशे के कारोबार में लिप्त किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा और ऐसे तत्वों के खिलाफ लगातार कठोर कार्रवाई जारी रहेगी। पुलिस ने लोगों से अपील की कि वे स्वयं नशे से दूर रहें, अपने परिवार और बच्चों को भी इसके दुष्परिणामों से अवगत कराएं तथा नशा मुक्त ब्योहारी और नशा मुक्त मध्यप्रदेश के निर्माण में सक्रिय भागीदारी निभाएं। अभियान के दौरान व्यापारियों और आम नागरिकों ने भी पुलिस की पहल का स्वागत करते हुए नशे के खिलाफहर संभव सहयोग देने का भरोसा दिलाया।

अधिवक्ताओं ने कहा-अब लालीपॉप नहीं, बुढ़ार में स्थायी एसडीएम कोर्ट चाहिए

बुढ़ार एसडीएम कोर्ट को लेकर फिर गरमाया विरोध

नवभारत,शहडोल। बुढ़ार में एसडीएम कोर्ट के बार-बार प्रारंभ होने और कुछ समय बाद शहडोल स्थानांतरित किए जाने को लेकर एक बार फिर विरोध के स्वर मुखर हो गए हैं। शहडोल राजस्व अधिवक्ता संघ के विरोध के बाद बुढ़ार एसडीएम कोर्ट को पुन: शहडोल स्थानांतरित किए जाने के निर्णय पर स्थानीय अधिवक्ताओं और नागरिकों में नाराजगी है। अधिवक्ताओं का कहना है कि एसडीएम कोर्ट को लेकर बार-बार निर्णय बदलना अब क्षेत्रवासियों के लिए रोज का तमाशा बन गया है।

अधिवक्ता शैलेन्द्र श्रीवास्तव ने कहा कि बुढ़ार एसडीएम कोर्ट अब केवल सुविधा का विषय नहीं रह गया है, बल्कि यह क्षेत्र की जनता के अधिकार और सम्मान का भी प्रश्न बन चुका है। उन्होंने कहा कि बुढ़ार अधिवक्ता संघ का क्या दायित्व है, यह बताने की आवश्यकता नहीं है और न ही वे इस विषय पर कोई टिप्पणी करना चाहते हैं, लेकिन एक आम नागरिक के रूप में उनका जो नैतिक दायित्व और कर्तव्य है, उसका निर्वहन वे अवश्य करेंगे।अधिवक्ता शैलेन्द्र श्रीवास्तव ने संकल्प लेते हुए कहा कि वे इस विषय पर एक गिलहरी के रूप में अपनी व्यक्तिगत जिम्मेदारी निभाने का पूरा प्रयास करेंगे। उन्होंने घोषणा की कि जब तक बुढ़ार में एसडीएम कोर्ट पुन: प्रारंभ नहीं हो जाता, तब तक वे अपनी कानूनी पहचान का प्रतीक काला कोट माननीय न्यायालय के समक्ष डेस्क पर उपस्थिति के समय को छोड़कर धारण नहीं करेंगे। इसके साथ ही जिला प्रशासन शहडोल के निर्णय के विरोध में कार्यालयीन समय में हाथ पर काली पट्टी बांधकर विरोध प्रदर्शन करने की बात भी कही।

शिक्षक-अध्यापक संघ के निर्वाचन में दो प्रतिनिधियों ने लिया भाग

नवभारत,गोहपारू। प्रान्तीय योग प्रशिक्षित शिक्षक-अध्यापक संघ, मध्यप्रदेश के चतुर्थ अधिवेशन एवं निर्वाचन का आयोजन भोपाल के शिवाजी नगर स्थित सरस्वती विद्या मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में किया गया। निर्वाचन अधिकारी मंगलेश यादव एवं सहायक निर्वाचन अधिकारी रामकुमार तेलकर के निर्देशन में निर्वाचन प्रक्रिया शांतिपूर्ण एवं लोकतांत्रिक वातावरण में संपन्न हुई। अधिवेशन में प्रदेशभर से आए योग प्रशिक्षित शिक्षक एवं अध्यापक प्रतिनिधियों ने भाग लेकर नई प्रान्तीय कार्यकारिणी के गठन में अपनी सहभागिता निभाई।

शहडोल जिले से महेश प्रसाद द्विवेदी पूर्व जिला योग प्रभारी शहडोल एवं ब्लाक योग प्रभारी गोहपारू अमरबहादुर सिंह दो प्रान्त प्रतिनिधियों ने अधिवेशन में भाग लेकर जिले का प्रतिनिधित्व किया तथा संगठन की गतिविधियों एवं आगामी कार्ययोजना पर चर्चा में सहभागिता की। इस अवसर पर संगठन के पदाधिकारियों एवं प्रतिनिधियों ने योग शिक्षा को बढ़ावा देने, योग प्रशिक्षित शिक्षकों के हितों एवं संगठन को मजबूत बनाने को लेकर विचार-विमर्श किया। अधिवेशन में प्रदेश के विभिन्न जिलों से आए प्रतिनिधियों की उपस्थिति रही।

सूने मकान का ताला तोड़कर लाखों की चोरी

शोक कार्यक्रम में गया था परिवार, जेवरात, नगदी पार

नवभारत, जबलपुर। गोराबजार थाना अंतर्गत तिलहरी में चोरों ने एक सूने मकान को निशाना बनाते हुए लाखों रुपये के सोने-चांदी के जेवरातों और नगदी पर हाथ साफ कर दिया। पीड़ित परिवार एक शोक सभा में शामिल होने गया था, तभी चोरों ने इस वारदात को अंजाम दिया। पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। पुलिस के मुताबिक, तिलहरी निवासी 25 वर्षीय दीपक अहिरवार अपने परिवार के साथ बड़े पिता के घर आयोजित एक शोक कार्यक्रम में शामिल होने के लिए सिलुआ गया हुआ था। घर सूना था, जिसका फायदा चोरों ने उठाया। दीपक जब घर आया। मुख्य दरवाजे पर पहुंचते ही उसके होश उड़ गए, दरवाजे का ताला टूटा हुआ था। अंदर जाकर देखा तो अलमारी का लॉक भी टूटा पड़ा था और पूरा सामान कमरे में बिखरा हुआ था। पीड़ित ने जब अलमारी की जांच की, तो उसमें रखे पुश्तैनी और कीमती आभूषण, नगदी गायब थी।

बिजली गिरने से अलग-अलग गांवों में 3 की मौत, 3 से अधिक घायल

नवभारत,शहडोल। जिले में बीती रात मौसम के बदले मिजाज और तेज बारिश के बीच आकाशीय बिजली गिरने से एक बड़ा हादसा हो गया। जैतपुर थाना क्षेत्र के तीन अलग-अलग स्थानों पर आकाशीय बिजली की चपेट में आने से एक 11 साल के बच्चे और महिला सहित 3 लोगों की दर्दनाक मौत हो गई, जबकि 3 से अधिक लोग गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। इस घटना के बाद से पूरे इलाके में हड़कंप मच गया है।

जानकारी के अनुसार, बीती रात जैतपुर थाना क्षेत्र में गरज-चमक के साथ तेज बारिश हो रही थी। इसी दौरान तीन अलग-अलग स्थानों— झिक बिजुरी, दर्शिला चौकी क्षेत्र के चुटकी टोला और रोकवे गांव में आकाशीय बिजली गिरी। मृतकों की पहचान- धर्मेंद्र सिंह (उम्र 11 वर्ष), किशन (28 वर्षीय महिला), सुंदर पाव (ग्रामीण) है।

हादसे में घायल दो लोगों का इलाज जारी

दूसरी घटना दरशिला चौकी क्षेत्र के छुटकी टोला में हुई। खेत में रोपाई कर रहे किसान सुंदर (45) पाव पर आकाशीय बिजली गिरने से उनकी मौके पर ही मौत हो गई। हादसे में दो अन्य ग्रामीण भी घायल हुए, जिनका इलाज चल रहा है। इसी दरशिला चौकी क्षेत्र के रेकोवा गांव में भी खेत में काम कर रहे दो लोग बिजली की चपेट में आकर झुलस गए। दोनों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है और उनकी स्थिति खतरे से बाहर बताई जा रही है।

11 साल के बच्चे की मौके पर मौत

तीसरी घटना जैतपुर थाना क्षेत्र के ग्राम मुसरा में दर्ज की गई। तेज बारिश के दौरान घर के बाहर खड़े 11 साल का लड़का धर्मेंद्र सिंह (पिता प्रेमलाल सिंह) आकाशीय बिजली की चपेट में आ गए, जिससे मौके पर ही उनकी मौत हो गई। हादसे में उनकी भाभी भी घायल हुई हैं, जिनका इलाज जारी है। इन घटनाओं की सूचना मिलते ही पुलिस और ग्रामीणों ने राहत कार्य शुरू किया और घायलों को अस्पताल पहुंचाया। पुलिस ने तीनों मृतकों के मामलों में मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है।

प्रशिक्षण | गतिविधि आधारित प्रशिक्षण में शिक्षकों को 21वीं सदी के जीवन कौशलों से कराया गया परिचित

सक्षम जीवन कौशल कार्यक्रम के तहत शिक्षकों का प्रशिक्षण आयोजित

नवभारत,शहडोल। जनजातीय कार्य विभाग, मध्य प्रदेश द्वारा 21वीं सदी के जीवन कौशलों पर आधारित सक्षम जीवन कौशल कार्यक्रम का प्रभावी संचालन किया जा रहा है। कार्यक्रम के सफल क्रियान्वयन के लिए नॉलेज पार्टनर मैजिक बस इंडिया फाउंडेशन के सहयोग से विद्यार्थियों में आवश्यक जीवन कौशलों के विकास की दिशा में निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। इसी क्रम में शहडोल जिले के विकासखंड सोहागपुर अंतर्गत जनपद शिक्षा केंद्र सोहागपुर में शिक्षकों के लिए एक दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन तीन बैचों में 25 एवं 27 जुलाई को किया गया।

प्रशिक्षण का संचालन प्रशिक्षित मास्टर ट्रेनर्स अमीर हमजा अली, संजय गुप्ता एवं स्वप्निल त्रिपाठी द्वारा किया गया। वहीं प्रशिक्षण के सफल आयोजन एवं समन्वय में ब्लॉक मैनेजर आशीष कुमार गुप्ता का महत्वपूर्ण सहयोग रहा।प्रशिक्षण के दौरान पिछले वर्ष किए गए कार्यों की समीक्षा की गई तथा शिक्षकों को सक्षम कार्यक्रम के तृतीय वर्ष के पाठ्यक्रम की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। इसके साथ ही सत्र संरचना, विद्यालय स्तर पर जीवन कौशलों की समझ, सेक्स एवं जेंडर, समता एवं समानता जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर गतिविधि आधारित चर्चा की गई।

प्रशिक्षण में जीवन कौशल कार्यक्रम से जुड़े विभिन्न विषयों को गतिविधियों, समूह कार्य, डेमो सत्र एवं पीपीटी प्रस्तुतीकरण के माध्यम से समझाया गया। इससे शिक्षकों की विषयगत समझ को और अधिक सुदृढ़ करने का प्रयास किया गया, ताकि वे विद्यालयों में विद्यार्थियों के साथ जीवन कौशल आधारित सत्रों का प्रभावी संचालन कर सकें।प्रशिक्षण के प्रथम दिवस पर खंड स्रोत समन्वयक महेंद्र कुमार मिश्रा ने शिक्षकों को संबोधित करते हुए सक्षम जीवन कौशल कार्यक्रम के उद्देश्य एवं आवश्यकता पर प्रकाश डाला। उन्होंने विद्यालयों में कार्यक्रम के प्रभावी संचालन, निर्धारित समय-सारणी के अनुरूप सत्रों के क्रियान्वयन तथा ऑनलाइन रिपोर्टिंग सहित विभिन्न महत्वपूर्ण बिंदुओं पर शिक्षकों को मार्गदर्शन प्रदान किया। उन्होंने कहा कि जीवन कौशल सत्रों का गुणवत्तापूर्ण एवं नियमित संचालन विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। इससे विद्यार्थियों में आत्मविश्वास, नेतृत्व क्षमता, निर्णय लेने की क्षमता तथा सकारात्मक व्यवहार के निर्माण को बढ़ावा मिलेगा। प्रशिक्षण में शामिल शिक्षकों ने कार्यक्रम के प्रति उत्साह व्यक्त करते हुए विद्यालय स्तर पर सक्षम जीवन कौशल कार्यक्रम का प्रभावी एवं नियमित क्रियान्वयन सुनिश्चित करने का संकल्प लिया।

कारगिल विजय दिवस पर शहीदों को किया नमन

शहडोल में वीर जवानों को दी श्रृद्धांजलि

शहीदों के नाम अंकित पट्टिका का हुआ लोकार्पण

नवभारत,शहडोल। कारगिल विजय दिवस के अवसर पर शहडोल नगर स्थित शहीद स्मारक में देश की रक्षा करते हुए सर्वोच्च बलिदान देने वाले वीर जवानों को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। कार्यक्रम में कलेक्टर डॉ. केदार सिंह सहित प्रशासनिक अधिकारियों, पूर्व सैनिकों, जनप्रतिनिधियों एवं गणमान्य नागरिकों ने शहीदों को नमन करते हुए उनके अदम्य साहस, शौर्य और बलिदान को याद किया। इस अवसर पर शहडोल के वीर शहीद देवेंद्र सोनी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किए गए। साथ ही शहडोल संभाग के अमर शहीदों के नाम अंकित पट्टिका का लोकार्पण भी किया गया। उपस्थित लोगों ने पुष्पांजलि अर्पित करते हुए देश की रक्षा में शहीद जवानों के अमूल्य योगदान को स्मरण किया और उनके प्रति कृतज्ञता व्यक्त की।

कार्यक्रम के दौरान कलेक्टर डॉ. केदार सिंह ने शहीद देवेंद्र सोनी की माता श्रीमती लक्ष्मी सोनी को शॉल एवं श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया। इस दौरान शहीद की माता के प्रति सम्मान और संवेदना व्यक्त करते हुए उपस्थितजनों ने उनके त्याग को भी नमन किया। इसके पश्चात सभी उपस्थित लोगों ने दो मिनट का मौन धारण कर देश की सीमाओं की रक्षा करते हुए अपने प्राणों का बलिदान देने वाले वीर जवानों की आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की।कार्यक्रम में पूर्व सैनिकों, समाजसेवियों, जनप्रतिनिधियों, प्रशासनिक अधिकारियों एवं नगर के नागरिकों की सहभागिता रही। उपस्थित लोगों ने कहा कि देश की संप्रभुता, एकता और अखंडता की रक्षा के लिए वीर जवानों द्वारा दिया गया बलिदान सदैव राष्ट्रवासियों के लिए प्रेरणास्रोत रहेगा। कारगिल युद्ध के वीर शहीदों का शौर्य और साहस आने वाली पीढ़ियों को देशभक्ति एवं राष्ट्रसेवा के लिए प्रेरित करता रहेगा। सभी ने शहीदों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करते हुए राष्ट्र की एकता, अखंडता और सुरक्षा के लिए सदैव समर्पित रहने का संकल्प लिया।